8-1/CSU/Acd/Admissions/CUET-PG/2026/137

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Central Sanskrit University
जनकपुरी, नई दिल्ली
Janakpuri, New Delhi

दिनांक:- 22.05.2026

अधिसूचना/Notification

विषय:– शैक्षणिक सत्र 2026-27 में शिक्षाशास्त्री (B.Ed.) तथा शिक्षाचार्य (M.Ed.) प्रथम वर्ष में प्रवेश के सन्दर्भ में।

शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु शिक्षाशास्त्री (B.Ed.) व शिक्षाचार्य (M.Ed.) पाठ्यक्रम में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसरों में प्रवेश के लिए CUET PG-2026 परीक्षा उत्तीर्ण सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि शिक्षाशास्त्री (B.Ed.) तथा शिक्षाचार्य (M.Ed.) कार्यक्रम में प्रवेश पंजीकरण दिनांक 23-05-2026 से प्रारम्भ किया जा रहा है। सफलतापूर्वक पंजीकरण करने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। जिन्होंने CUET PG-2026 परीक्षा में केन्द्रीय विश्वविद्यालय का चयन किया है, उन अभ्यर्थियों के लिए समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कार्यक्रम इस प्रकार है:-

Commencement of online Registration	23 May 2026 10:00 AM
Last Date for online Registration	05 June 2026 at 23:59 PM
Link for online application	https://sanskritcuet.samarth.edu.in/pg/
Samarth Application fee payable online	200/- Non-refundable

निर्धारित समय में पंजीकरण करना अनिवार्य है, निर्धारित तिथि के बाद पंजीकरण के लिए समय नहीं बढ़ाया जाएगा। अधिक जानकारी हेतु कृपया विश्वविद्यालय की Website (http://sanskrit.nic.in) का अवलोकन करें। प्रवेश सम्बन्धित सहायता के लिए कृपया कार्यालयीय समय (**10:00 से 5:00 बजे तक**) के दौरान संपर्क करें-

- प्रवेश सम्बन्धित समस्या समाधान हेतु- 011-28521948, 011-28524994 (Ext. 242)
- भुगतान सम्बन्धित समस्या समाधान हेतु- 9217703004 (WhatsApp only)
- Email – admission.support@sanskrit.ac.in

शिक्षाशास्त्री प्रवेश अधिसूचना   शिक्षाचार्य प्रवेश अधिसूचना

नोट- 1. **नासिक परिसर के लिए प्रवेश प्रक्रिया NCTE द्वारा परिसर स्थानान्तरण (मुम्बई से नासिक) की अनुमति की प्रत्याशा के अधीन है। अत: प्रवेश वरियता में उक्त विकल्प का चयन करने पर भी विश्वविद्यालय नासिक परिसर आवण्टित करने के लिए बाध्य नहीं होगा।**

2. **समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि परम्परागत धारा (Traditional Stream) / आधुनिक धारा (Modern Stream) / श्रेणी परिवर्तन एवं आधारभूत सूचनाओं इत्यादि में संशोधन हेतु दिनांक 06 जून, 2026 से 07 जून, 2026 तक (रात्रि 11:59 बजे तक) समर्थ पोर्टल पर 02 दिवस हेतु संशोधन विंडो सक्रिय रहेगी। उक्त तिथि के पश्चात् किसी भी प्रकार का संशोधन संभव नहीं है।**
3. **अभ्यर्थी परम्परागत धारा, जैसे— शास्त्री (UG), आचार्य (PG), विद्यालंकार (UG), वेदालंकार (PG), शिरोमणि मध्यमा (UG), शिरोमणि (PG), विद्वन्मध्यमा (UG), विद्वदुत्तमा (PG), विद्वान् (PG) आदि उपाधियों तथा आधुनिक धारा, जैसे— B.A., M.A. आदि का चयन अत्यन्त सावधानीपूर्वक सुनिश्चित करें। धारा / श्रेणी अथवा किसी भी सूचना के त्रुटिपूर्ण रह जाने की स्थिति में अभ्यर्थी का प्रवेश निरस्त किए जाने का समस्त उत्तरदायित्व स्वयं का होगा।**
4. **निर्धारित अवधि तक पंजीकरण नहीं करने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश हेतु विचार नहीं किया जाएगा।**

यह अधिसूचना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से निर्गत की गई है।

नारायण

(प्रो. नारायण सिम्हा आर. एल.)
सह-अधिष्ठाता (शैक्षणिक)

प्रतिलिपि-

1. **निजी सचिव, कुलपति कार्यालय**
2. **निजी सचिव, कुलसचिव कार्यालय**
3. **परीक्षा नियंत्रक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**
4. **निदेशक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, समस्त परिसर**
5. **अधिष्ठाता, शिक्षाशास्त्र विद्यास्थान**
6. **अध्यक्ष, शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा**
7. **परियोजना अधिकारी (वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ), केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**
8. **सम्बद्ध संचिका**